## एक नजर में

### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**शाजापुर, 6 जुलाई**. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में शासन के आदेश अनुसार सोमवार को नव प्रवेशित छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. नोडल अधिकारी डॉ. रितेश महाडिक ने नवप्रवेशित छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम आयोजित किया. उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में एक छात्रा के रूप में आप कई तरह के दबावों से गुजरती हैं, जिनमें पढ़ाई और परीक्षा का तनाव, भविष्य और कॅरियर की चिंता, सोशल मीडिया का दबाव और दूसरों से तुलना और पारिवारिक तथा सामाजिक उम्मीदें. ये सभी चीजें आपके मन पर भारी बोझ डालती हैं. लेकिन आपको यह समझना होगा कि आपकी मानसिक शांति आपकी किसी परीक्षा के अंकों से कहीं ज्यादा कीमती है. आप कभी लगातार उदास रहें, रात को नींद न आए या घबराहट महसूस करें, तो चुप मत रहिए, बल्कि अपनी बातों को परिवार या दोस्तों के साथ साझा करें, मदद मांगने से हिचकिचाएं नहीं. उन्होंने स्वस्थ मन, सशक्त जीवन का नारा देकर अपना उद्बोधन पूरा किया. इस दौरान प्रभारी प्राचार्य यतीश धाकड़ सहित स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही.

### विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित




**सुसनेर, 6 जुलाई**. स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जीसी गुप्ता के निर्देशन में 6 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित जागरुकता के उद्देश्य से महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25 जुलाई 2025 को दिए गए निर्णय के पैरा-35 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सहयोग, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के निर्माण तथा संस्थानों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त फैकल्टी सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने का संकल्प लिया.

### साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए




**मक्सी, 6 जुलाई**. रेलवे स्टेशन मक्सी पर जीआरपी पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा अभियान चलाकर यात्रियों, रेल कर्मचारियों एवं वेंडरों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया. अभियान के दौरान लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी गई. जीआरपी पुलिस ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड होता है, तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए, जिससे समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके. अभियान के दौरान उपस्थित लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई.

### सीआईएससीई जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**शुजालपुर, 6 जुलाई**. दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल शुजालपुर में सीआईएससीई जोनल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जैस तथा मुख्य अतिथि फादर कुरियन ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है. इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है. प्रतियोगिता में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल उज्जैन, फातिमा कॉन्वेंट स्कूल नागदा, एमजी कॉन्वेंट स्कूल शाजापुर तथा मेजबान दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल शुजालपुर की टीमों ने भाग लिया. खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुकाबलों को रोमांचक बनाया. प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेफरी वैभव परमार एवं मधुसूदन परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही. आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्या सिस्टर जैस तथा खेल शिक्षक मनीष इचोरिया का विशेष योगदान रहा. इस स्पर्धा में अंडर 19 बालक वर्ग में प्रथम एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, तृतीय फातिमा कॉन्वेंट नागदा, अंडर 17 बालक में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, द्वितीय एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, तृतीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 14 बालक में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 19 बालिका में प्रथम दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, अंडर 17 बालिका में प्रथम एमजी कॉन्वेंट शाजापुर, द्वितीय दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, तृतीय निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन, अंडर 14 बालिका में प्रथम दीप्ति कॉन्वेंट शुजालपुर, द्वितीय निर्मला कॉन्वेंट उज्जैन विजेता रहे. समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. खेल शिक्षक मनीष इचोरिया ने सभी सहभागी विद्यालयों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

# कुएं में समा गई 13 हिरणों की जिंदगी

## झुंड को दौड़ा रहा था कुत्ता, खेत पहुंचे किसान ने देखा दर्दनाक मंजर

**शुजालपुर, 6 जुलाई. अनुभाग शुजालपुर की कालापीपल तहसील के ग्राम खरदौनकला में रविवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई. गांव से लगे एक खेत के कुएं में 13 हिरणों और एक कुत्ते के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. वन विभाग और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तथा सभी वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कराया.**



जानकारी के अनुसार खेत मालिक रविवार को अपनी फसल पर दवा का छिड़काव करने खेत पहुंचे थे. इसी दौरान उनकी नजर खेत स्थित कुएं में पड़ी, जहां बड़ी संख्या में हिरण मृत अवस्था में दिखाई दिए. उन्होंने तत्काल ग्राम सरपंच को सूचना दी. इसके बाद पुलिस के माध्यम से वन विभाग को अवगत कराया गया. प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि हिरणों का झुंड किसी कुत्ते से बचने के लिए तेज गति से भाग रहा था. इसी दौरान अंधाधुंध दौड़ते हुए सभी हिरण खेत के कुएं में गिर गए. जिस कुत्ते से वे बचने का प्रयास कर रहे थे, वह भी कुएं में गिर गया और उसकी भी मौत हो गई. मृत हिरणों में चार नर एवं नौ मादा शामिल है. ग्रामीणों के अनुसार कुएं पर सुरक्षा के लिए मुंडेर बनी हुई है, लेकिन उसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला.

### मौके पर पहुंचे अधिकारी...

आशंका है कि इसी स्थान से हिरण कुएं में गिरे घटना कब हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका. हालांकि जब खेत मालिक रविवार को खेत पर पहुंचे तो कुएं से तेज दुर्गंध आ रही थी. नीचे देखने पर हिरणों और एक कुत्ते के शव बुरी तरह सड़-गल चुके थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत एक-दो दिन पहले ही हो चुकी थी. इसके बाद उन्होंने तत्काल ग्राम सरपंच को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और वन विभाग मौके पर पहुंचा. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी, नायब तहसीलदार तथा विभागीय अमला मौके पर पहुंचा. वन्यजीव संरक्षण के नियमों के तहत पंचनामा तैयार किया गया, शवों का परीक्षण करवाते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई. वन्य अमले ने ग्रामीणों के सहयोग से मृत वन्यजीवों का अंतिम संस्कार किया. गौरतलब है कि शुजालपुर-कालापीपल क्षेत्र हिरणों की बड़ी आबादी के लिए जाना जाता है. खेतों और खुले इलाकों में अक्सर हिरणों के झुंड देखे जाते हैं. हिरणों की बढ़ती संख्या एवं किसानों की परेशानी को देखते हुए पूर्व में विशेष अभियान चलाकर हेलीकॉप्टर की मदद से बड़ी संख्या में हिरणों को पकड़कर प्रदेश के विभिन्न अभयारण्यों में स्थानांतरित किया जा चुका है. इसके बावजूद क्षेत्र में आज भी बड़ी संख्या में वन्यजीव विचरण करते हैं.

### सक्सेना व जोशी जिला संयुक्त सचिव नियुक्त

**शुजालपुर, 6 जुलाई**. प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह पवार ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम जोशी की अनुशंसा पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ओमप्रकाश सक्सेना एवं जनक जोशी को जिला संयुक्त सचिव मनोनीत किया है. दोनों की नियुक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों के लिए उनकी सक्रियता और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए की गई है. एसोसिएशन के अनुसार दोनों पदाधिकारी लंबे समय से विभिन्न कर्मचारी संगठनों के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं. संगठन को उम्मीद है कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन भी पूरी निष्ठा के साथ करेंगे. नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाधर वर्मा, हरिचरण मंगलावत, भागीरथ सिंह सिसोदिया, तहसील अध्यक्ष ललित बिड़वाले, चंद्रकांता श्रीवास्तव, करण सिंह मेवाड़ा, संतोष सक्सेना, प्रदीप कुमार व्यास सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

# ट्रांसफर रूकवाने बच्चों का किया इस्तेमाल, खुल गई पोल

## डीईओ करेंगी मामले की जांच, दोषी पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाजापुर,6 जुलाई. एक शिक्षक ने अपना ट्रांसफर रूकवाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल किया, जो उन्हें गांव से बैठाकर सीधे डीईओ कार्यालय ले गए. हालांकि शिक्षक की यह ट्रिक काम नहीं आई और उनका काम अटक गया. अब शिक्षक का यह मामला तो अटक गया और बात जांच पर आ गई. यदि जांच में शिक्षक द्वारा बच्चों का इस्तेमाल करने की बात साबित होती है तो शिक्षक का ट्रांसफर तो होगा ही. वहीं उसके खिलाफ कार्रवाई भी होगी.**

दरअसल, शिक्षा विभाग में सोमवार को मेहंदी गांव के 10 से 15 छोटे छात्र जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ कार्यालय पहुंच गए. इन बच्चों की उम्र लगभग 5 से 10 वर्ष बताई जा रही है. वे शिक्षक अरशदुल्लाह पठान का कालापीपल तबादला रद्द करने की मांग कर रहे थे. यही नहीं इन विद्यार्थियों ने स्कूल के प्राचार्य नरेश उगले पर मारपीट करने और उनसे छोटे मोटे काम कराने के भी आरोप लगाए. इस घटना के बाद पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

### मैडम से क्या कहना है...?

मामला उस समय और संदेहास्पद हो गया जब जिला शिक्षा अधिकारी के आने से पहले शिक्षक अरशदुल्लाह पठान बच्चों से बातचीत करते दिखाई दिए. वे बच्चों से पूछ रहे थे कि मैडम के सामने क्या कहना है. लेकिन जैसे ही जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर वहां पहुंचीं बच्चे भी चुप हो गए और बातचीत भी रुक गई और बच्चे शांत हो गए. इस पर अधिकारी को शक हो गया और मामला पूरी तरह पलट गया.

### बच्चे पहुंचे स्कूल, शिक्षक ले आया शाजापुर

खास बात यह है कि बच्चे घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वे ऑटो रिक्शा से जिला शिक्षा कार्यालय पहुंच गए. हैरानी की बात यह है कि न तो स्कूल प्रबंधन और न ही प्राचार्य यह स्पष्ट कर सके कि बच्चों को वहां कौन लेकर आया. बच्चे शिक्षक अरशदुल्लाह पठान का तबादला रुकवाने और प्राचार्य की शिकायत करने पहुंचे थे. ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि इतनी कम उम्र के बच्चे स्वयं इस तरह शिकायत की प्रक्रिया तक कैसे पहुंचे. पूरे मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

### 14 किलोमीटर दूर से लेकर आए बच्चों को...

मेहंदी गांव जिला मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर है. स्कूल में कुल 41 विद्यार्थी और 6 शिक्षक पदस्थ हैं. इनमें प्राचार्य नरेश उगले का तबादला शाजापुर तथा शिक्षक अरशदुल्लाह पठान का स्थानांतरण कालापीपल हो चुका है. ऐसे में केवल 10 से 15 बच्चों का जिला मुख्यालय पहुंचकर शिकायत करना कई सवाल खड़े कर रहा है. यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चे अपनी पहल पर पहुंचे थे या किसी के मार्गदर्शन में.

**इनका कहना है**

*बच्चों को किसी ने समझाकर भेजा है ताकि शिक्षक का तबादला रुकवाया जा सके. रही बात मुझ पर लगाए गए आरोप की तो वे निराधार है.*

***-नरेश उगले, प्राचार्य***

### हाईवे पर पलटी प्याज से भरी ट्राली

**शाजापुर, 6 जुलाई**. सनकोटा बायपास पर सोमवार प्याज से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दोनों लोग सुरक्षित बच गए. बताया जाता है कि उतरते समय निर्माणाधीन सड़क पर पड़े पत्थर से ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ये हादसा हो गया और ट्राली में रखी प्याज की बोरियां सड़क पर बिखर गई. जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ. ग्राम सामगी निवासी महादेव गोठी और संग्राम गोठी निवासी कनार्दी ट्रैक्टर-ट्राली में प्याज भरकर शाजापुर मंडी बेचने के लिए आ रहे थे. हादसे के समय दोनों ट्रैक्टर पर ही सवार थे.

## सोयाबीन कृषकों के लिए कृषि संबंधी सलाह

**शाजापुर, 6 जुलाई. कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बुवाई पूर्ण होने के बाद किसानों से फसलों की नियमित निगरानी रखने की अपील की है.**

कृषि विभाग द्वारा सलाह दी है कि खेतों में जलभराव की स्थिति बनने पर अतिरिक्त पानी की तत्काल निकासी करें तथा कम वर्षा की स्थिति में नमी संरक्षण के लिए समय पर निराई गुड़ाई करें. सोयाबीन, मक्का,उड़द, मूंग एवं अन्य खरीफ फसलों में जहां पौध संख्या कम हो, वहां शीघ्र गैप फिलिंग रिक्त स्थानों पर पुनः बुवाई करें. खरपतवार नियंत्रण समय पर करें तथा कीट एवं रोग दिखाई देने पर कृषि वैज्ञानिकों की सलाह अनुसार ही अनुशंसित दवाओं का प्रयोग करें. अनावश्यक कीटनाशकों के छिड़काव से बचें एवं समेकित कीट प्रबंधन आईपीएम अपनाएं. फसल में बिना आवश्यकता एवं बिना तकनीकी अनुशंसा के यूरिया अथवा अन्य उर्वरकों की टॉप ड्रेसिंग न करें. विशेषकर सोयाबीन जैसी दलहनी फसलों में अनावश्यक नाइट्रोजन देने से पौधों की अत्यधिक वानस्पतिक वृद्धि होती है, कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है तथा उत्पादन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. अत: उर्वरकों का प्रयोग केवल आवश्यकता एवं कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार ही करें.

## मंदिर से चुराए बर्तन, व्यापारी की सजगता से खुली पोल

### पुलिस ने युवक को समझाईश देकर छोड़ा

**शाजापुर, 6 जुलाई. लालघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी मंदिरों से चोरी किए गए पीतल और तांबे के पूजा पाठ के सामान बेचने एक दुकान पर पहुंचा था. दुकानदार को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो बदमाश को हिरासत में लिया जिसे बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया.**

लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने तराना क्षेत्र के मंदिरों से पीतल और तांबे के लोटे, थालिया, कटोरियां और गिलास सहित अन्य सामान चोरी करना स्वीकार किया. आरोपी की पहचान बरोठिया निवासी भगवान पिता नारायण परमार 33 के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक डिस्कवर मोटरसाइकिल और मंदिरों से चोरी किया गया, करीब 20 हजार रुपये मूल्य का तांबे व पीतल का सामान जब्त किया है. बरामद सामग्री में लोटे, प्लेट, कटोरिया, गिलास और अन्य पूजा सामग्री शामिल है. फिलहाल लालघाटी पुलिस ने आरोपी को नोटिस देकर छोड़ दिया है.

### उमरा के लिए रवाना हुए मुस्लिम समाजजन

**मक्सी, 6 जुलाई**. मुस्लिमजन उमरा यात्रा के लिए मक्का-मदीना रवाना हो रहे हैं. सोमवार को मक्सी नगर से भी यात्री रवाना हुए हैं, जिनका मक्सी में हारफूल, इत्र के साथ स्वागत किया. ग्राम गडरौली के रहने वाले शौकत अली, मुमताज बी, बनो बी, यासीन शेख इंदौर एयरपोर्ट से हवाई जहाज से उमरा करने के लिए मक्का-मदीना के लिए रवाना हुए. उनका घर और एयरपोर्ट पर रिश्तेदार, दोस्त और मिलने वालों ने हार फूल पहनाकर और इत्र लगाकर स्वागतद्ध किया. इस मौके पर सब्बीर अली, मंजूर अली, रजक अली, मुबारक अली, सादिक अली, इलियास अली, रिश्तेदार कर्मअली, अल्ताब पठान, नौशाद पठान, भुरू पठान, अमजद हुसैन, रहमान पठान आदि मौजूद थे. शौकत अली, मुमताज बी, बनो बी, यासीन शेख ने कहा कि मक्का-मदीना पहुंचते ही देश में अमन-चैन, देश की तरक्की के लिए दुआएं करेंगे, जिससे देश में खुशहाली रहे.

# फिर अतिक्रमण की चपेट में नगर, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## चार माह पहले अधिकारियों ने दिखाई थी सख्ती, फिर पसरने लगा अतिक्रमण

**शाजापुर, 6 जुलाई. नगर में एक बार फिर अतिक्रमण पसरने लगा है. इससे अब हाईवे भी अछूता नहीं है. जहां डिपो के पास प्रतिदिन दो से तीन बार लंबा जाम लग रहा है. करीब चार माह पहले अधिकारियों ने जो सख्ती दिखाई थी, वह अब नदारद हो चुकी है. जिससे लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है.**

नगर के एबी रोड स्थित पुराने डिपो के पास वाले क्षेत्र में फ्ल और सब्जी के ठेलों की वजह से लगातार जाम लग रहा है. इससे लोगों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि कलेक्टर सहित प्रशासन के बड़े अधिकारी दिन में कई बार इसी रास्ते से निकलते हैं, लेकिन सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है. लोगों ने बताया कि पहले ठेले वाले सड़क से हटकर अपनी दुकानें लगाते थे. लेकिन जब से सड़क चौड़ी करने का काम हुआ है तब से ज्यादातर ठेले सड़क पर ही खड़े होने लगे हैं. इसके अलावा फल सब्जी खरीदने आने वाले लोग भी अपनी मोटरसाइकिल



और कारें सड़क पर ही खड़ी कर देते है, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है. सोमवार दोपहर करीब तीन बजे हालात इतने बिगड़ गए कि गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई और लोगों को इस जाम से निकलने में करीब 20 मिनट का समय लगा.

**फिर याद आने लगी सख्ती...**

एसडीएम मनीषा वास्कले के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम द्वारा अप्रैल माह में सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम शुरू की थी, जिससे शहर की सूरत भी संवरने लगी थी. इसके बाद अधिकारियों ने अतिक्रमण मुहिम से मुंह मोड़ लिया. नतीजा फिर नगर में सड़क पर सामान पसरने लगा और सड़कें फिर से छोटी होने लगी हैं. अतिक्रमणकारियों ने हाईवे को भी नही छोड़ा.

### रोज बिगड़ते है हालात, परेशान हो रहे नगरवासी

यह स्थिति केवल सोमवार की नहीं है बल्कि प्रतिदिन यहां ऐसी स्थिति बनती है जब वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं. न वाहन उधर जा सकते हैं और न ही इधर से जा सकते हैं. बड़े वाहन के आ जाने से यहां वाहनों की कतारें लग जाती हैं. जिसे अधिकारी भी देखकर अनदेखा कर देते हैं. जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है.

### आधी सड़क पर कीचड़, आधी पर ठेलों का कब्जा

इन दिनों हाईवे पर फोरलेन निर्माण का काम चल रहा है. जिससे आधी सड़क तो पहले से ही चल रहे निर्माण कार्य और कीचड़ की वजह से बंद पड़ी है और जो बाकी का हिस्सा बचता है उस पर ठेले और गाड़ियां खड़ी रहती हैं. ऐसे हालात में यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. नगरवासियों ने प्रशासन से इस मामले में तुरंत कड़ा एक्शन लेने की मांग की है. लोगों ने अपील की है कि डिपो इलाके को ठेलों और गाड़ियों के अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त कराया जाएए ताकि यहां हर दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके और ट्रैफिक व्यवस्था ठीक हो सके.

**एक नजर में** — नगर परिषद ने दी कार्रवाई की चेतावनी

# स्ट्रीट लाइट केबल के पास कचरा जलाने से हुआ फॉल्ट

**सोयतकलां, 6 जुलाई. नगर में स्ट्रीट लाइट की भूमिगत बिजली केबल के समीप कचरा जलाने की लापरवाही सामने आई है. बरसात के मौसम में कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे एकत्रित कचरे में आग लगा दी गई. आग की चपेट में स्ट्रीट लाइट की बिजली केबल आने से फॉल्ट हो गया, जिससे स्ट्रीट लाइट व्यवस्था प्रभावित हो गई.**

घटना की सूचना मिलते ही स्ट्रीट लाइट संधारण टीम 1033 वाहन के साथ मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया. जांच में प्राथमिक रूप से सामने आया कि कचरा जलाने के कारण केबल क्षतिग्रस्त हुई, जिससे फॉल्ट हुआ. इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में बिजली की केबलों के पास कचरा जलाना बेहद खतरनाक है. आग लगने से केबल जल सकती है और करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है. उन्होंने बताया कि अब तक कई बार आवारा पशु करंट की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन यदि ऐसी लापरवाही जारी रही, तो किसी व्यक्ति की जान भी जा सकती है. हादसा होने की स्थिति में इसका दोष बिजली विभाग या कंपनी पर मढ़ दिया जाता है, जबकि वास्तविक कारण लोगों की लापरवाही होती है.



### दुकानदारों को चेताया...

अधिकारियों ने सभी दुकानदारों एवं नागरिकों से अपील की है कि यदि कचरा जलाना आवश्यक हो, तो पहले यह सुनिश्चित करें कि आसपास कोई विद्युत केबल, स्ट्रीट लाइट पोल या अन्य बिजली संबंधी उपकरण न हों, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके.

**इनका कहना है**

*शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. सभी नागरिक सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करें तथा इस प्रकार की लापरवाही से बचें.*

***- मनोज नामदेव, सीएमओ, सोयतकलां***

### प्रभात फेरी मार्ग पर नहीं हो रही सफाई

**नलखेड़ा, 6 जुलाई**. नगर में श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है. उक्त प्रभात फेरी मार्ग पर प्रभात फेरी निकालने के पूर्व नियमित सफाई नहीं होने के कारण प्रभात फेरी गंदगी एवं कचरे के ढेर से होकर गुजरती है. जानकारी देते हुए श्री राम संकीर्तन यात्रा प्रभात फेरी के सदस्य महेश गोड़ ने बताया की संकीर्तन यात्रा निकालने के पूर्व तक नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रभात फेरी मार्ग पर सफाई नहीं की जाती है. जिसके चलते प्रभात फेरी के सदस्यों को गंदगी एवं कचरे के ढेर के बीच से होकर निकालना पड़ता है. महेश गौड़ ने नगर परिषद से मांग की है कि प्रभात फेरी निकलने से पूर्व प्रभात फेरी मार्ग पर नियमित रूप से सफाई की जाए जिसके चलते प्रभात फेरी के सदस्यों को गंदगी के बीच से होकर गुजरना न पड़े.